**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**03.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00 बजे**

**महिला विश्व कप**

देश की बेटियों ने क्रिकेट में इतिहास रचा है। कल रात नवी मुंबई में आई.सी.सी. महिला विश्व कप के फाइनलं में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हरा कर पहली बार विश्व कप अपने नाम किया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 2 सौ 98 रन बनाये। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 2 सौ 46 रन पर सिमट गयी। शेफाली वर्मा ने शानदार 87 बनाये और 2 विकेट भी लिये। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विश्व कप जीतने पर भारतीय टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि महिला क्रिकेट को और भी ऊंचाई पर ले जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत का प्रदर्शन अद्भुत कौशल और आत्मविश्वास से भरपूर था। उन्होंने कहा कि पूरी टीम ने असाधारण टीम वर्क का परिचय दिया। इस बीच, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिहं सुक्खू ने भी भारतीय महिला क्रिकेट टीम को इस जीत पर बधाई दी है। उन्होंने टीम की सदस्य रही हिमाचल की रेणुका ठाकुर से फोन पर बातचीत कर उन्हें बधाई दी। मुख्यमंत्री ने रेणुका ठाकुर को देश व प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए एक करोड़ रूपए का नकद ईनाम देने की भी घोषणा की। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी भारतीय महिला क्रिकेट टीम को इस ऐतिहासिक जीत की बधाई दी है।

------------------------------------------------------------

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि नगर निगम शिमला के महापौर के पद रोस्टर को लेकर चल रहा विवाद खत्म हो गया है और अब सभी कांग्रेस पार्षद मिलजुल कर काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने आज शिमला में इस विवाद को लेकर कांग्रेस पार्षदों के साथ बैठक की और उनके विचार सुने। मुख्यमंत्री ने इस फैसले को लेकर सरकार का पक्ष भी रखा।

मुख्यमंत्री ने कुल्लू में प्रस्तावित बिजली महादेव रोपवे को लेकर चल रहे विरोध पर कहा कि पर्यटन की दृष्टि से ये रोपवे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बिजली महादेव रोपवे केंद्र की परियोजना है और प्रदेश सरकार सभी देवी देवताओं का सम्मान करती है। उन्होंने ये भी कहा कि इस रोपवे के मामले को कुल्लू के विधायक सुन्दर ठाकुर देख रहे हैं।

------------------------------------------------------------

**हड़ताल**

शिमला शहर में निजी बस चालक व परिचालक आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इसके चलते शहर में एक सौ से ज्यादा निजी बसों के पहिए थम गए हैं। सुबह से निजी बसों का संचालन न होने से लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

हालांकि हड़ताल को देखते हुए हिमाचल पथ परिवहन निगम ने शहर में अतिरिक्त बसें चलाने का निर्णय लिया है। निजी बस ऑपरेटर 40 किलोमीटर से अधिक दूरी की बसों के शिमला शहर में दाखिल होने का विरोध कर रहे हैं। निजी बस चालक परिचालक संघ का कहना है कि 40 किलोमीटर से अधिक दूरी की एचआरटीसी समेत निजी बसों के शहर में दाखिल होने से जाम लग रहा है। इसी वजह से निजी बसों के रूट फेल हो रहे हैं और रूट पूरा करने में उन्हें दोगुना समय लग रहा है। इसका खामियाजा शहर की जनता को भी झेलना पड़ रहा है।

---------------------------------------------------------------

**लकड़ा**

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉक्टर आशा लकड़ा ने कहा है कि आयोग चंबा जिला के पांगी क्षेत्र को वर्ष भर सड़क सुविधा से जोड़े रखने के लिए प्रस्तावित चेहनी सुरंग का मामला केंद्र सरकार से प्रमुखता से उठाएगा। आशा लकड़ा आज चंबा में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। वो आयोग की एक टीम के साथ आज से जिले के दौरे पर हैं।

उन्होंने ये भी कहा कि पांगी कॉलेज में कला संकाय के अलावा अन्य संकाय शुरू करने और जनजातीय क्षेत्र के लोगों को सरकार के माध्यम से जमीन के पट्टे दिलाने का मामला भी आयोग केंद्र सरकार के साथ उठाएगा। आशा लकड़ा ने कहा कि आयोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास के सपने को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

---------------------------------------------------------------